# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के मोतिहारी जिले से देश को सात हजार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने राजेंद्र नगर टर्मिनल, बापूधाम मोतिहारी, दरभंगा और भागलपुर से चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई । ये ट्रेने बिहार को उत्तर प्रदेश से भी जोड़ती हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जैसे दुनिया में पूरबी देश विकास की दौड़ में आगे हैं, वैसे ही भारत में यह दौर हमारे पूरबी राज्यों का है। उन्होंने देश में गरीबों के लिए बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना की विशेष तौर पर चर्चा की।

***पिछले ग्यारह वर्षों में पीएम आवास योजना के तहत देश में गरीबों के लिए चार करोड़ से ज्यादा घर बनाए हैं। इनमें से करीब साठ लाख घर अकेले बिहार में गरीबों के लिए बनाए गए हैं।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमृत भारत ट्रेनों की ऐतिहासिक सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि आज दरभंगा और मालदा टाउन से लखनऊ के गोमतीनगर तक, जबकि पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल से नई दिल्ली व बापूधाम मोतिहारी से आनन्द बिहार टर्मिनल तक नई अमृत भारत ट्रेनों का शुभारंभ पूर्वी भारत की प्रगति और परिवहन क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति का प्रतीक है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन आज बसंत महिला महाविद्यालय में जनजातीय गौरव बिरसा मुण्डा पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय समाज को भारतीय सनातन परम्परा का आधार बताया और उनके ऐतिहासिक योगदान की सराहना की। सोशल मीडिया पर फर्जी एकाउंड बनाकर जातीय संघर्ष को बढ़ावा देने वालों पर उन्होंने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने भगवान राम, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी के समय में जनजातीय समाज के योगदान का उल्लेख किया और कहा कि भगवान राम के वनवास काल और महाराणा प्रताप के अरावली के जंगलों में निवासकाल के दौरान जनजातीय समाज ने उनका भरपूर साथ दिया। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह भी मौजूद रहे।

**********

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार समूह, द रेजिस्टेंस फ्रंट को विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के अमरीका के फैसले की सराहना की है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस फैसले के लिए अमरीका के विदेश विभाग और विदेश मंत्री मार्को रुबियो की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि यह भारत और अमरीका के आतंकवाद–रोधी सहयोग की पुष्टि करता है। द रेजिस्टेंस फ्रंट को नामित करना एक सामयिक और महत्वपूर्ण कदम है जो आतंकवाद–रोधी मामलों में भारत और अमरीका के बीच गहरे सहयोग को दर्शाता है। दीपेन्द्र और विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।***

**********

उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते ने जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के एक प्रमुख सहयोगी राशिद को गिरफ्तार किया है। राशिद बड़े पैमाने पर धर्मांतरण रैकेट में शामिल था। उसकी गिरफ्तारी बलरामपुर के उतरौला इलाके से हुई, जहाँ से इस रैकेट की शुरुआत मानी जा रही है। छांगुर बाबा ने राशिद को धर्मांतरण सिंडिकेट की लव जिहाद शाखा की जिम्मेदारी सौंपी थी। राशिद को कल एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। इस बीच, जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके अन्य सहयोगियों के ठिकाने पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी की छापेमारी जारी है।

**********

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय वाराणसी में कल से दो दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। विकसित भारत के लिये नशा मुक्त युवा विषय पर आयोजित शिखर सम्मेलन में देश भर के सौ आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के पाच सौ से अधिक युवा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के विरूद्ध भारत की आध्यात्मिक विरासत और युवा शक्ति में निहित सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प को बढ़ावा दिया जायेगा। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख माण्डविया, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत हिस्सा लेंगे।

**********

कुशीनगर जिले के सभी छह तहसील क्षेत्रों में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना की जाएगी। यह जानकारी वहां के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने दी। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में प्री प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं संचालित होंगी। पांच से दस एकड़ भूमि पर बनने वाले इन विद्यालयों के निर्माण पर प्रति विद्यालय पचीस से तीस करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

**********